तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 23 जून 2025





8 संत शिरोमणि कबीरदास ने पाखंडवाद व कर्मकांड...





8 कैडेट्स को भारतीय सेना में भर्ती होने की दी जानकारी


## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** गांव जामनी से रिटोली रोड पर अज्ञात तेजरफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। डिग जिला कैथल निवासी आशीष (22) रविवार को कार्यवश गांव रिटोली अपने मामा के बेटे से मिलने के लिए आया था।

### गांव हजवाना में गोली मारकर किया हमला

**कैथल।** रंजिश को लेकर हजवाना में व्यक्ति द्वारा बंदूक से गोली चलाकर हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। हजवाना के बहादुर सिंह ने शिकायत में बताया कि 21 जून को वह धन की फसल लगाने के लिए तैयारी कर रहा था। इसी दौरान पानी पड़ोसी के खेत में चला गया। पड़ोसी करतार आया बेटे को बंदूक लाने की बात कही। सरस बंदूक लेकर आ गया। जब वह ट्रैक्टर चला रहा था तो करतार ने उस पर बंदूक से गोली चला दी।

### रेलगाड़ी से महिला का बैग चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** रेलगाड़ी से जयपुर से ऊना जा रही महिला यात्री के बैग को किसी व्यक्ति ने नरवाना रेलवे स्टेशन पर चोरी कर लिया। बैग में 50 हजार की नगदी, जेवरात, फोन व अन्य दस्तावेज थे। रेलवे थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### तार चोरी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** चोरी की वारदातों में लिप्त आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए सीआईए-1 पुलिस द्वारा 33 केवी बिजली लाइन से बिजली तार चोरी करने के मामले में संलिप्त 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसडीओ यूएचबीवीएन कैथल कि शिकायत अनुसार सब स्टेशन पाई से करोड़ा तक 33 केवी लाइन को बदला गया था।

### गांव जुलानी में कल लगेगी बिजली अदालत

**जींद।** बिजली निगम की अदालत 24 जून को जुलानी गांव में लगाई जाएगी। इसमें अधीक्षण अभियंता मदन लाल सुखीजा उपभोक्ताओं की बिजली बिलों व मीटर संबंधित शिकायत सुनेंगे। अदालत सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक लगाई जाएगी। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को पूरी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए निगम प्रतिबद्ध है।

### अफीम बरामदगी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार नशा सप्लाई करने वालों पर शिकंजा कसते 1 किलो 313 ग्राम अफीम बरामदगी मामले में अफीम सप्लायर आरोपी को भी एंटी व्हीकल थेफ्ट द्वारा काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20/21 जून रात एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एसआई जयभगवान की टीम ने आरोपी को काबू किया था।

### युवती के गले में अंगोछा डाल घसीटा, मामला दर्ज

**जींद।** गांव खेड़ी मसानिया में घर में घुस कर युवती को गले में अंगोछा डाल कर घसीटने तथा मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खेड़ी मसानिया निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर रात उसकी बेटी बाथरूम की तरफ जा रही थी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को

**कैथल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष मैहला की देखरेख में 12 जुलाई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

# शराब ठेकेदार हत्याकांड की वजह पुरानी रंजिश, मृतक के खिलाफ दर्ज थे हत्या सहित करीब दस मामले : डीजीपी

*शत्रुजीत कपूर अचानक पहुंचे जींद, किया कानून व्यवस्था का रिव्यू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर रविवार को जींद पहुंचे और शराब ठेकेदार वीरेंद्र उर्फ बिंद्र की हत्या समेत जिले में कानून व्यवस्था को लेकर एसपी कुलदीप सिंह के साथ बातचीत की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब ठेकेदार विरेंद्र की हत्या रंजिश के चलते हुई थी। मृतक रविंद्र के खिलाफ हत्या समेत लगभग दस मुकद्मे दर्ज थे। उसका भाई भी हत्या के मामले में जेल में बंद है। उसके खिलाफ भी कई मामले है। पुलिस ने विरेंद्र हत्याकांड में चार लोगों को राउंडअप किया है। अन्य शामिल लोगों को जल्द पकड़ा जाएगा। जिसमें सीआईए तथा एसटीएफ लगी हुई।

### 70 प्रतिशत गांवों को नशा मुक्त करने का टारगेट

डीजीपी शत्रुजीत कपूर रविवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारो से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जमानत पर आने के बाद अगर कोई अपराध करता है तो उसकी पुराने मामलों में भी जमानत को रद करवाया जाता है। काफी मामले हैं, जिसमें अदालत ने बेल को रद किया है। नशा मुक्त अभियान प्रधानमंत्री की मुहिम को आगे बढाया है। पंजाब के लगते इलाकों में उनमें प्रचलन बढ़ा। उनको पूरी तरह नशा मुक्त का प्रयास किया जा रहा है। 50 प्रतिशत गांवों को नशा मुक्त किया जा चुका है। इस बार 70 प्रतिशत गांव को नशा मुक्त करने का टारगेट रखा गया है। साइबर ठगी के हरियाणा की बहुत बेहतर स्थिति है। पिछले साल की बजाय इस बार 50 प्रतिशत कमी आई है। जो पूरे देश में सर्वाधिक है। हर रोज 21 साइबर अपराधी पकड़े जा रहे हैं। जो संतोष का विषय है और इसकी वजह से ठगी के मामलो में कमी आई।

### कानून व्यवस्था को लेकर एसपी को जरूरी निर्देश दिए



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते डीजीपी शत्रुजीत कपूर। फोटो :हरिभूमि

### स्पेशल कोर्सिज करवाए जा रहे

साइबर सेल तथा साइबर थाने मिल कर अच्छे से कार्य कर रही हैं। फोर्स की कमी को लेकर उन्होंने कहा कि हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन भर्ती करता रहता है। कुछ कमी रह जाती है तो एसपीओ के माध्यम से पूरी कर ली जाती है। आईओ की कमी के बारे में उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान प्रमोशन कोर्सिज नही हो पाए थे। जिसके चलते कमी रही। अब स्पेशल कोर्सिज करवाए जा रहे हैं। बहुत जल्द हवलदार, एएसआई, एसआई कोर्स कर रहे हैं। यह कमी भी जल्द पूरी हो जाएगी।नशा मुक्त अभियान प्रधानमंत्री की मुहिम को आगे बढाया है। पंजाब के लगते इलाकों में उनमें प्रचलन बढ़ा। उनको पूरी तरह नशा मुक्त का प्रयास किया जा रहा है। 50 प्रतिशत गांवों को नशा मुक्त किया जा चुका है। इस बार 70 प्रतिशत गांव को नशा मुक्त करने का टारगेट रखा गया है।

# पहली बरसात ने ही खोली प्रशासन के दावों की पोल

*सड़कों पर ठाठे मारता दिखा पानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रविवार को दिनभर उमस भरी गर्मी रहने के बाद दोपहर में बारिश ने शहरियों को थोड़ी राहत दी। मानसूनी हवाओं में सुबह ही से बादल छा गए। इसके बाद दोपहर चार बजे हल्की बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने 24 जून तक हल्की और मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। शहर में सुबह से आसमान में बादल छाए रहे जिससे सुबह से गर्मी ने लोगों को बहाल कर रखा था। पिछले तीन दिनों से बारिश होने की आंशका जताई जा रही थी। हालांकि शहर में दोपहर को ज्यादा नहीं हुई 10 से 15 मिनट के दौरान ही बारिश रुक गई जिससे दोबारा फिर उमस बढ़ गई। सडकों और निचली कालोनियों में जमा हुआ पानीः पहली बरसात में ही जिला प्रशासन के पानी निकासी के प्रबंधों की पोल खुलती नजर आई। नाले जमा होने के कारण करनाल रोड, ढांड पर दुकानों के सामने करीब एक फीट तक पानी जमा हो गया। इस कारण दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पडा।



### किसानों के चेहरे खिले

इन दिनों किसान धान की फसल की रोपाई करने में जुटे हैं। तापमान अधिक होने के कारण किसानों को धान रोपाई में परेशानी उठानी पड रही थी लेकिन अब तापमान में गिरावट आने के कारण किसानों के चेहरे खिले नजर आ रहे हैं तथा अब धान रोपाई के कार्य में तेजी आएगी।

### यलो अलर्ट जारी किया

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि मौसम विभाग ने आगामी 25 से 26 जून तक मानसून अपनी रफ्तार बढ़ाएंगी। ऐसे में सोमवार को से तेज बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने दो दिन के लिए बारिश व आंधी का यलो अलर्ट जारी किया है। दिनभर बादलों और सूरज की लुकाछिपी का खेल चलता रहा। उमस वाली गर्मी ने लोगों को खूब परेशान किया।

## पुलिस ने विरोध कर रही महिलाओं को समझा आधे घंटे बाद खुलवाया

# नगूरां में शराब ठेके के विरोध में उतरी महिलाएं, जींद-कैथल मार्ग किया जाम

*जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ लगी वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

गांव नगूरां में स्कूल के पास तथा मंदिर की जमीन पर शराब ठेका खोलने के विरोध स्वरूप महिलाओं तथा पुरूषों ने रविवार को जींद-कैथल मार्ग पर निजी तथा सरकारी स्कूल के मुख्य चौंक पर सड़क के बीचोंबीच खड़े होकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही नगूरां पुलिस से एएसआई जयबीर सिंह ने मौके पर पहुंच कर विरोध प्रकट कर रहे लोगों तथा शराब ठेकेदार को सोमवार को नगूरां चौंकी में आमने-सामने बैठा कर मामले की समस्या का समाधान करने की बात कहकर महिलाओं तथा पुरूषों को समझा कर करीब आधे घंटे से लगे जाम को खुलवा दिया।

हालांकि इस दौरान काफी हगांमा होता रहा है और पुलिस ने विरोध कर रहे महिलाओं तथा पुरूषों को शांत करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। जाम लगा रहे महिलाओं तथा पुरूषों ने बताया कि जब उनको पता चला कि जिला प्रशासन द्वारा नगूरां मंदिर तथा स्कूल के पास शराब का ठेका खोला जा रहा है। इसको लेकर एक दिन पहले पुलिस के सामने विरोध प्रकट किया था। उस समय उन्हें यह आश्वासन दिया गया कि इस स्थान पर ठेका नहीं खुलेगा लेकिन उसके बावजूद भी रविवार को शराब ठेकेदारों ने यहां शराब का ठेका खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी। महिलाओं का कहना कि शराब का ठेका खुलने से यहां स्कूली लड़कियों के अलावा बधाना तथा डाहौला की तरफ से आने वाली महिलाओं पर शराबी फब्तियां कसेगें। शराबियों के कारण महिलाएं तथा लड़कियां असुरक्षित महसूस करेगीं।

विरोध करे महिलाओं तथा पुरूषों ने प्रशासन व आबकारी विभाग के अधिकारियों पर शराब ठेकेदार के साथ मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। यही नहीं यह ठेका स्कूल से 100 मीटर की दूरी भी पूरी नहीं करने के अलावा ठेका मंदिर तथा पंचायती जमीन पर है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस शराब ठेके को स्कूल के पास तथा मंदिर की जमीन पर नहीं खोला जाए ताकि लोगों की भावनाओं के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो। लोगों ने बताया कि अगर जिला प्रशासन ने दुबारा से यहां शराब ठेके को खोला तो ग्रामीण कठोर कदम उठाएगें। जिसकी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी।



अलेवा। नगूरां गांव में जींद-कैथल मार्ग पर जाम लगाते महिलाएं तथा पुरुष।



अलेवा।। जाम लगा रहे लोगों को समझाते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### दोनों पक्षों को बुलायाः जयबीर

मामले को लेकर नगूरां चौंकी में तैनात एएसआई जयबीर ने बताया कि शराब ठेकेदार तथा जाम लगा विरोध प्रकट कर रहे लोगों को सोमवार को नगूरां चौंकी में बुलाया है। जहां पर शराब ठेकेदार के कागजों की जांच के अलावा ग्रामीणों की बात को सुना जाएगा। अगर ठेकेदार के कागजात सही पाए गए तो ग्रामीणों की समस्या को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा। उसके बाद उच्चाधिकारी ही मामले को लेकर कोई निर्णय लेगें। जब तक मामले का समाधान नहीं होता, यहां शराब नहीं बिकने दी जाएगी।



नगूरां गांव में जींद-कैथल मार्ग पर जाम के कारण लगी वाहनों की लंबी लाइन।

# विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

- परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में सिरटा रोड पर 27 वर्षीय विवाहिता ने पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। महिला ने ऊपर के कमरे में जाकर फांसी लगाई, जबकि परिवार के सदस्य नीचे के कमरे में थे। मृतका के मायके वालों ने महिला के पति गुरमुख, सास और ससुर पर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने और दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मृतका दो बच्चों की मां थी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ शहर थाना में केस दर्ज कर लिया है। मृतका के चचेरे भाई कुचराना जिला जींद निवासी सुशील ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी चचेरी बहन पूजा की शादी 7 साल पहले कैथल निवासी गुरमुख से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले पूजा को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। उससे बार-बार पैसों की मांग की जा रही थी। इस मामले को लेकर पूजा पहले भी कई बार उनके घर आ गई थी, लेकिन बाद में ससुराल पक्ष के लोग उसे समझौता करके वापस ले गए। अब फिर उसे बार-बार पैसे की मांग को लेकर तंग कर रहे थे और प्रताड़ित कर रहे थे। जिसके चलते पूजा ने रविवार की सुबह पंखे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी।

### मामले की जांच जारी

शहर थाना एसएचओ गीता ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतका के शव को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने महिला के पति, सास और ससुर के खिलाफ महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर करने और दहेज प्रताड़ना संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनीवासी बिजली समस्या से परेशान

- बिजली मंत्री को पत्र लिख बिजली लाइन बदलने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बार-बार बिजली के पोल पर आग लगने से बिजली की सप्लाई बाधित का स्थायी समाधान न होने से लोगों में भारी गुस्सा एवं रोष है। कालोनी वासी राममेहर वर्मा, सुरेंद्र, राजकुमार, जगदीश, आदि ने बताया कि बहुउद्देशीय जन कल्याण सभा द्वारा बिजली मंत्री अनील विज को पत्र लिख कर हाउसिंग बोर्ड कालोनी के साथ लगते अटल पार्क के पिछले गेट के पास स्थापित ट्रांसफार्मर से मकान नंबर 1066 तक की लाइन की तार जोकि बार-बार जलने से खराब हो चुकी को बदलवा कर स्थायी समाधान करवाने की मांग की है। बहुउद्देशीय जन कल्याण सभा के प्रधान राममेहर वर्मा ने बताया कि 21 जून की रात को मकान नंबर 1069 के पास पोल पर आग लगने से कालोनी की लाइट गुल हो गई। जिसपर उन्होंने बिजली विभाग के शिकायत केंद्र पर फोन करके शिकायत नंबर 87 दर्ज करवाई। शिकायत के बाद लगभग रात्रि एक बजे बिजली कर्मचारी आए तो उन्होंने जली हुई तारों पर अस्थायी जोड़ लगा कर बिजली लाइन चालू की तो लाइट कभी तेज तो कभी बिल्कुल कम आने से कोई फायदा नही हुआ। बिजली कर्मचारियो ने बताया कि नए तार के बिना स्थायी समाधान नही होगा। जब इस बारे रात्रि में ही विभाग के संबंधित जेई, एसडीओ तथा कार्यकारी अभियंता के मोबाईल पर बात करनी चाही तो उन्होंने फोन नही उठाया और कालोनीवासी पूरी रात बिना बिजली के गलियों में रहे और परेशानी का सामना करना पड़ा। अब इस के समाधान के लिए बिजली मंत्री अनील विज से गुहार लगाई गई है।



टूटी हुई बिजली की तार के पास खेल रही बच्ची।

### जली तार बदलने में आनाकानी क्यों

कालानीवासियो का कहना है कि जब पूरा बिल समय पर देते हैं तो जली हुई तार बदलने में विभाग के उच्च अधिकारी आनाकानी क्यों कर रहे हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते स्थायी समाधान नही हुआ और बिजली के पोल पर लटके हुए मीटर बाक्स को दुरस्त नही किया गया तो कालोनीवासी बिजली विभाग के कार्यालय पर रोष प्रदर्शन भी करेंगे।

**चुनाव** फिर जोड़-तोड़, रणनीतियां, बैठक और समीकरण साधने का दौर तेज

# पूंडरी नगरपालिका वाइस चेयरमैन चुनाव आज शहरवासियों की निगाहें टिकीं, सस्पेंस बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी नगरपालिका में वाइस चेयरमैन पद को लेकर आज 23 जून को चुनाव होना प्रस्तावित है। शहरभर की निगाहें इसी चुनाव पर टिकी हैं कि क्या वाकई आज वोटिंग होगी या फिर कोई नया मोड़ सामने आएगा। पिछले कई दिनों से शहर में इस बात को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। शहरवासियों में असमंजस की स्थिति बनी रही कि क्या सांसद और विधायक भी इस प्रक्रिया में वोट डालेंगे, लेकिन स्पष्ट है कि वोट केवल 16 पार्षदों और एक चेयरपर्सन के हाथ में है। गौरतलब है कि यह चुनाव पहले 4 जून को होना था, जिसे प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया था। अब जब नई तारीख 23 जून घोषित की गई, तो एक बार फिर जोड़-तोड़, रणनीतियां, बैठकों और समीकरण साधने का दौर तेज हो गया है। सूत्रों के अनुसार, कई पार्षदों को पहले ही एकजुट कर विभिन्न स्थानों पर ले जाया गया था, ताकि समर्थन सुनिश्चित किया जा सके। अब मुकाबला 2 प्रमुख गुटों के बीच कांटे का माना जा रहा है। नगरपालिका सचिव नरेश कुमार ने पुष्टि की है कि विशेष बैठक के तहत आज ही वाइस चेयरमैन पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया आयोजित की जाएगी और सभी पार्षदों को इसकी विधिवत सूचना दे दी गई है। पूरे शहर की निगाहें आज की वोटिंग पर टिकी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या पूंडरी को उसका पहला वाइस चेयरमैन आज मिलेगा या फिर एक बार फिर सियासी सस्पेंस बना रहेगा।



# ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर २०.64 लाख हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

व्यक्ति को वर्क वीजा पर अस्ट्रेलिया भेजने को झांसा देकर दुबई भेज बीस लाख 64 हजार रुपये हडपने पर उचाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपितों ने पीडित के साथ दुबई में मारपीट भी की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव काकडौद निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव सरसोद हिसार निवासी सनूप के साथ पुरानी जान पहचान रही है। सनूप ने बताया कि वह विदेश भेजने का काम करता है और काम भी दिलाता है। सनूप की बातों में आ कर उसने वर्क वीजा पर अस्ट्रेलिया भेजने के लिए कहा। जिसकी एवज में आरोपित ने 22 लाख रुपये की डिमांड की। सब कुछ तय होने के बाद सनूप ने उससे पांच लाख रुपये नगद तथा दस्तावेज ले लिए। आरोपितों ने कहा कि पहले उसे दुबई जाना होगा। फिर आस्ट्रेलिया भेजा जाएगा। कभी फाइल तो कभी वर्क वीजा के लिए उससे रुपये डलवाए जाने लगे। 24 अक्टूबर 2024 तक वह सनूप तथा उसके परिजनों के खातो मे 20 लाख 64 हजार रुपये डलवा चुका था।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी

**जींद।** उचाना नागरिक अस्पताल प्रांगण में पौधरोपण करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने पौधरोपण को लेकर संकल्प दिलाया। अत्री ने कहा कि जुलाई माह में बारिश शुरू होगी। ऐसे में इस माह में पौधरोपण अधिक से अधिक करें। पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण सबसे जरूरी है। परिवार में कोई भी खुशी हो तो पौधरोपण करें। पेड़-पौधों की संख्या कम होगी तो इसका सीधा असर पर्यावरण पर होगा।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव सिवाहा से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिवाहा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 जून को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने पर उसकी पत्नी का सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### एक साल में करवाए 140 बाल श्रमिक मुक्त

**जींद।** जींद जिला बाल श्रम मुक्त बनने की ओर अग्रसर है। इसके लिए गैर सरकारी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। एक साल में 140 बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया जा चुका है। जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए कार्यरत गैरसरकारी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया एवं इसके सहयोगी जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने केंद्र सरकार से राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन मिशन शुरू करने और इसके लिए पर्याप्त संसाधनों के आवंटन की मांग की।

### पीएम सुरक्षा बीमा योजना हो रही कारगर साबित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपये तक का बीमा होता है।

### लाभार्थियों को मिल रही फ्री उपचार की सुविधा

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि आयुष्मान भारत और चिरायु आयुष्मान हरियाणा योजना पात्र परिवारों के लिए निशुल्क उपचार में मददगार साबित हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के मद्देनजर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का शुभारंभ किया गया था। आयुष्मान भारत योजना में पांच लाख तक का सालाना लाभ लाभार्थी परिवार को दिया जाता है।

### महिला शक्ति शतरंज चैंपियनशिप कल से

**जींद।** हरियाणा शतरंज एसो (एचएसए) द्वारा 24 जून से हलवासिया विद्या विहार सीनियर सेकंडरी स्कूल भिवानी में राज्य स्तरीय महिला शक्ति शतरंज चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। इसमें गरीबों, अशक्त खिलाड़ियों सभी जिलों की महिला खिलाड़ियों का प्रवेश फ्री किया जाएगा। प्रदेश महासचिव ब्रह्मचारी कुलदीप ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों में से जिला शतरंज टीम चुनी जाएगी।

## संत कबीर छात्रावास में श्रद्धा से मनाई संत कबीर जयंती

# संत शिरोमणि कबीरदास ने पाखंडवाद व कर्मकांड से दूर रहने का दिया संदेश

### कार्यक्रम में होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

अशरफगढ़ रोड पर निर्माणाधीन छात्रावास में रविवार को संत कबीर की जयंती श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आगाज संत कबीर, बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर, संत रविदास और भगवान वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण से हुआ। जयंती कार्यक्रम में संत कबीर दास के दोहों की गूंज रही। कार्यक्रम में संत कबीर महासभा जींद के ऐसे दिवंगत आजीवन सदस्यों के परिवार के लोगों को सम्मानित किया गया जो संस्था के सदस्य रहे हैं। इसी प्रकार संस्था के ऐसे लोगों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने संस्था द्वारा निर्धारित एक कमरे के लिए, निर्धारित अढाई लाख रुपये की राशि दान के रूप में दी। इसके अलावा आसन गांव के सुभाष चंद्र अटकान ने अपने माता-पिता के नाम से कमरे की राशि दान देने की घोषणा की।

इतना ही नहीं एमबीबीएस का कोर्स कर रही छात्रा ने कहा कि जब मैं नौकरी पर लगूंगी तो एक कमरे के निर्माण के लिए दान राशि प्रथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाउंगी। जयंती पर 10वीं तथा 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बहबलपुर निवासी कुलदीप दूहन, देशखेड़ा निवासी अजीत लाठर, विजयपाल दूहन को 51-51 हजार रुपये की दान राशि देने पर सम्मानित किया गया। रधाना निवासी रामफूल दांगी ने जयंती कार्यक्रम में 51 हजार रुपये नगद दान दिए। इस अवसर पर संस्था कार्यकारिणी का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने पर सम्मान दिया गया। इनमें रामरुप चहल, सुशील खटक तथा हेमंत सुखीजा शामिल थे। भवन निर्माण कार्यों में सहयोग करने वाले एसडीओ धर्मपाल सिंह को सम्मानित किया गया। जयंती कार्यक्रम में हरिकेश पपोसा ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की और कमरा दान राशि देने वाले दानियों को पगड़ी पहना कर सम्मान किया। संस्था में सबसे कम उम्र की लड़की रितु दुग्गल को मंच पर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि कबीरदास ने पाखंडवाद और कर्मकांड से उलझी मानवजाति को इनसे दूर रहने का संदेश दिया। संत कबीर जी के दोहे आज भी प्रासंगिक हैं। जिनमें जीवन का मूल रहस्य छिपा है। संस्था के प्रधान सतबीर सिंह लाडवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि संस्था में 350 के लगभग सदस्य हैं और लगातार निर्माण कार्य चल रहा है। यहां बड़े हाल का निर्माण करवाया गया है और इसमें लगभग एक हजार लोगों के बैठने की क्षमता है। समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कल्चरल की पढ़ाई कर रही रिंकू दुग्गल के नेतृत्व वाली टीम ने कबीर साहेब के भजनों, गीतों पर आधारित कार्यक्रम पेश किया।





जींद। कार्यक्रम में होनहार छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

रोशनलाल दुग्गल, उप प्रधान आजाद सिंह सुरलिया, कुलदीप सिंह खुंडिया, रोहताश, रामपाल नागर, ईश्वर सिंह, सत्यनारायण खन्ना, वेद आसन, विजेंद्र, शीशपाल, ओमनारायण, सतीश खटक, सुनील कुमार, बलबीर दुग्गल, मंगतराम लाडवाल, मास्टर विनोद इंदौरा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



जुलाना। कार्यक्रम में भाग लेते मुख्यातिथिगण। फोटो :हरिभूमि

## जुलाना: समाज में युवाओं का अहम योगदान : तेजेंद्र ढुल

- परशुराम धर्मशाला में युवा सम्मेलन का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुलाना

जुलाना कस्बे की परशुराम धर्मशाला में रविवार को युवा सम्मान सम्मेलन का युवा क्रांती दल के संयोजक संग्राम सिंह राणा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल ने शिरकत की। इसके अलावा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के पुत्र विरेंद्र बडौली, केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के पुत्र करण प्रताप सिंह, ग्रामीण विकास बैंक हरियाणा के चेयरमैन अमरपाल राणा के पुत्र अजय राणा ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में जुलाना के सैंकड़ो युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल ने कहा कि युवाओं का समाज में अहम योगदान होता है। युवाओं के सहयोग से ही जुलाना में भाजपा कमल का फूल खिलाने में कामयाब हो पाई है। विरेंद्र बडौली ने कहा कि जुलाना कस्बे में लोकसभा में हुई जीत को वो आजतक नही भूल पाए हैं और कभी भुलेंगे भी नही। हर माह युवाओं की एक बैठक लेकर जुलाना की सुरत को बदलने का काम किया जाएगा। करण प्रताप सिंह ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वो राजनिति में आकर देश की सेवा करें। युवाओं में विकसित भारत की तस्वीर है। अजय राणा ने कहा कि युवा ही देश और समाज को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। युवाओं को चाहिए कि वो परिवार के साथ देशहित के बारे में भी सोच कर निर्णय लें और देशहित में काम करें। संग्राम सिंह राणा ने कहा कि जुलाना हलके के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। कार्यक्रम में पहुंचे सभी युवाओं को सम्मानित किया। युवा जिलाध्यक्ष गौरव भारद्वाज, रणसिंह गौतम, रवि आर्य, नवीन दलाल, दीपक अहलावत, पतराम तायल, कृष्ण रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

#### गोमाता की पूजा कर मनाया जन्मदिन

**नरवाना।** समाज सेवी राजेश गोयल पूर्व चेयरमैन हाउसिग बोर्ड कार्पोरेशन दिल्ली का जन्म दिन बहुत ही धुमधाम से राधेश्याम गौशाला में गौ माता की पूजा अर्चना व आरती करके समस्त गौओं को हरा चारा एगुड़ खिला कर मनाया। उल्लेखनीय है कि राजेश गोयल मूलतः नरवाना के रहने वाले हैं वे दिल्ली और उतर भारत के कई शहरों में सामाजिक और धार्मिक सेवा के जो प्रकल्प चल रहे हैं उनमें अपनी सेवाएँ दे रहे हैं! राधेश्याम गोशाला के चेयरमैन के रूप में उन्होंने व उनके समस्त मित्रमण्डली ने उल्लेखनीय योगदान दिया हैए जिसमें गौसेवकों द्वारा अपने हाथों से गौओं की नित्यप्रति सेवा शामिल रहा है! कुरुक्षेत्र में जो मंजिला ज्ञान मन्दिर जो बन रहा है एयह मन्दिर गीता के 18 अध्यायों को समर्पित एशिया का सबसे ऊंचा मन्दिर होगा! इस प्रकल्प में भी आप चेयरमैन के रूप में बहुत सिद्दत से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं! नरवाना के प्रबुद्ध नागरिकों ने आपकी दीर्घायु के लिए गौ माता से प्रार्थना की कि आप दीर्घायु को प्राप्त करें और समाजिक कार्यों में और अधिक ऊर्जा से अपनी सेवाएं प्रदान करते रहें।



नरवाना। गायों को चारा खिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक में भाग लेते किसान। फोटो :हरिभूमि

#### भाकियू जर्नल बॉडी के जिलों की कार्यकारिणी भंग

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन की प्रदेश स्तरीय बैठक शिव कॉलोनी स्थित किसान भवन में रविवार को संपनन हुई। बैठक में मुख्य तौर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह सहरावत और प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने शिरकत की। बैठक में युद्धवीर सिंह सहरावत ने बताया कि हरियाणा की युवा संगठन विंग को भंग करके प्रदेशस्तरीय जनरल बॉडी में मर्ज किया जाएगा और हरियाणा के जर्नल बॉडी के सभी जिलों की कार्यकारिणी को भंग किया गया है। रतन मान ने बताया कि सभी जिलों की कार्यकारिणी का नए सिरे से जुलाई माह में गठन करने का प्रयास किया जाएगा और सभी जिलों से 10-10 प्रतिनिधियों की सूची मांगी जाएगी। बैठक में हरियाणा के विभिन्न जिलों से शामिल रवि आजाद युवा प्रदेश अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह, यशपाल राणा, सुभाष गुर्जर, बलदेव सिंह, दीवान, गुरनाम सिंह सहारण, कुलदीप खरड़, सुरेंद्र सिंह, जयवीर लोहान, रामराजी पोंकरीखेड़ी, राजेंद्र पहलवान सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

#### जजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**जींद।** जननायक जनता पार्टी के राट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला के दिशा- निर्देश में 15 जून से 31 जुलाई तक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर रविवार को जींद हलके के गांव रायचंदवाला बूथ नंबर 1 और बूथ नंबर दो में जेजेपी जिला प्रेस प्रवक्ता विकास जांगडा व हल्का प्रधान सुनील कंडेला, पूर्व पार्षद कर्मवीर मोना, सुमित रायचंदवाला के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया। हलका प्रधान ने बताया कि इस दौरान रूठे हुए कई साथियों को और नए साथियों को पार्टी की सदस्यता अभियान मे शामिल कराव कर नए सदस्य बनाए गए। लोगों का भारी समर्थन मिल रहा और लोग पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। खासकर युवा साथी पूर्व उपमुख्यमत्री दुष्यंत चौटाला मे अपना भविष्य देख रहे हैं और पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।



जींद। सदस्यता अभियान चलाए जजपा नेता। फोटो :हरिभूमि



जींद। ट्रायल में चुने गए खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

#### जिला जूनियर रग्बी टीम चयनित

**जींद।** जींद रग्बी संघ के सचिव मुनीत बेरवाल ने बताया कि जींद जिले की जूनियर वर्ग की लड़कों व लड़कियों की टीम का चयन रविवार को रॉयल स्पोट्र्स अकेडमी पांडू पिंडारा में हुआ। रॉयल स्पोट्र्स अकैडमी पांडू पिंडारा में जिले के लगभग 80 खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया। 2007, 2008 व 2009 में जन्मे खिलाड़ियों का चयन राज्यस्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए किया गया। ट्रायल में 12 लड़कों व 12 लड़कियों का चयन हुआ। लड़कियों की टीम में राधिका, मन्नू, सलेना, खुशी, रितिका, मनु, आयुषी, रितु, सलोनी, तमन्ना, लक्षिता व रिया का चयन हुआ। जबकि लड़कों की टीम में हर्ष, सहिल, गौरव, हर्षदीप, सौरभ, जतिन, हरित, हंसू, दीपांशु, जतिन, हार्दिक व हरदयंश मलिक शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी 24 जून को हिसार में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



नरवाना। योग करते हुए साधक। फोटो :हरिभूमि

#### एसडी स्कूल में योग दिवस मनाया

**नरवाना।** एसडी पब्लिक स्कूल नरवाना में 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बड़ी ऊर्जा शीलता से मनाया। स्कूल की प्राचार्या अनिता मलिक ने रविवार को सुबह स्कूल के सभागार में आयोजित योग दिवस के अवसर लगभग 150 स्टाफ सदस्यों और 200 बच्चों के साथ ऊर्जा शीलता के साथ योग दिवस मनाया गया। स्कूल स्टाफ एवं बच्चों के साथ स्कूल अध्यापक सुशील कुमार के साथ योग दिवस मनाया और बच्चों के साथ योग के महत्व को समझाते योग को महत्व को साझा किया। इसमें सूर्य आसनएकपाल भारतीए अनुलोम.विलोमए भ्रामरीए ताड़ासनए भुजंगासनए प्राणायाम आदि योग क्रिया के बारे में सुशील कुमार अध्यापक ने समझाया। प्राचार्या अनिता मलिक ने अपने सदेश में कहा कि सभी को अपनी जीवन शैली में में योग अभ्यास करना चाहिए ।

## कैडेट्स को भारतीय सेना में भर्ती होने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। कैडेट्स से सवाल जवाब करते हुए अधिकारी।

हरियाणा बटालियन द्वारा आयोजित किए गए एनसीसी कैंप के सातवें दिन एनसीसी कैडेटों के लिए व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान में कम्युनिकेशन और लेटेस्ट ट्रेंड पर चर्चा की । व्याख्यान में कैडेटों को प्रभावी कम्युनिकेशन के तरीकों और नवीनतम ट्रेंड्स के बारे में जानकारी दी । कैंप कमांडर ने एनसीसी कैडेटों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए आवश्यक योग्यताओं, प्रक्रियाओं और सुझावों के बारे में चर्चा की। उन्होंने भारतीय सेना में शामिल होने के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय सेना में शामिल होकर कैडेट देश की सेवा और राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान कर सकते हैं। कैंप कमांडर का व्याख्यान एनसीसी कैडेटों के लिए बहुत प्रेरणादायक था। इसने उन्हें भारतीय सेना में शामिल होने के विभिन्न लाभों के बारे में जागरूक किया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। दिन की गतिविधियों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी शामिल रही। जिसमें कैडेट्स ने एनसीसी कैंप के दौरान आयोजित की गई गतिविधियों एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। ये प्रतियोगिता कैडेट्स के लिए एक मूल्यवान अनुभव था। जिसने उनके सामान्य ज्ञान में वृद्धि की और उन्हें एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान किया।



अलेवा। राजकीय महाविद्यालय में योग करते स्टाफ व छात्र। फोटो :हरिभूमि

#### राजकीय कालेज अलेवा में किया योग

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस इकाई तथा योग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्या वीना कुमारी ने की। प्राचार्या ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए छात्रों को इसे अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इसके पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को योग के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक किया तथा नियमित योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि योग शारीरिक ही नही मानसिक और आत्मिक संतुलन का भी माध्यम है। योग क्लब की इंचार्ज डा. मधु ने उपस्थित विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियां सिखाईं। उन्होंने बच्चों को ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति जैसे अभ्यासों का प्रदर्शन कराते हुए उन्हें इनके लाभ भी बताए।

कार्यक्रम | दो दिवसीय हवन में 40 गांव के गोभक्तों व दानी सज्जनों ने आहुति दी

# जींद: सबकी उन्नति और सुख शांति से ही अपनी उन्नति संभव होगी : आचार्य राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय कालवा के संचालक आचार्य राजेंद्र नैष्ठिक ने कहा कि जब पूरे क्षेत्र में सुख शांति रहेगी, तभी हमारे घर और परिवार में सुख शांति रहेगी। इसलिए पूरे क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि के लिए प्रयास करना चाहिए। आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय कालवा के संचालक आचार्य राजेंद्र नैष्ठिक रविवार को पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी में आयोजित यज्ञ हवन एवं भंडारा के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। आचार्य राजेंद्र ने बताया कि आज लोग प्रायः अपनी ही उन्नति के कार्यों में लगे रहते हैं। जिसके कारण सभी बेचैन और तनाव ग्रस्त हैं। जबकि मनुष्य मात्र का मुख्य कार्य और मुख्य धर्म यही है कि वह सब की उन्नति के लिए प्रयास करे। राष्ट्रीय गौशाला धडौली के संयोजक वेदपाल एडवोकेट व प्रधान यज्ञमुनी ने बताया कि गौशाला कमेटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय विशाल यज्ञ हवन में आसपास क्षेत्र के लगभग 40 गांवों के गोभक्तों व दानी सज्जनों ने अपनी आहुति डाली और सर्व मंगल की कामना की। इस अवसर पर गत सात दिन से गुरुकुल कालवा में चल रहे चरित्र निर्माण शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने अपना व्यायाम प्रदर्शन भी दिखाया तथा विशेष कार्यों के लिए शिविर में भाग लेने वाले छात्रों व आसपास के गोभक्तों को सम्मानित भी किया गया। आचार्य चंद्रदेव, स्वामी धर्ममुनि, कालवा के सरपंच भानखड़, पिल्लूखेड़ा के सरपंच सुनील कुंडू, लाठर खाप बारह के प्रधान ओमप्रकाश लाठर, कर्मवीर आर्य, संतराम आर्य, ईश्वर सिंह आर्य जींद, नरेश कुमार जींद, गांगोली के पूर्व सरपंच दलबीर सिंह, रामकरण जामनी, जगपाल आर्य, राय सिंह, महावीर कुंडु जींद, पूर्ण सिंह मलिक, इंदर सिंह, चंद्र सिंह, भूप सिंह गांगुली, बनी सिंह गांगोली, जय भगवान आदि भी उपस्थित थे।



राष्ट्रीय गौशाला धडौली द्वारा आयोजित हवन के अवसर पर उपस्थित आचार्य गण व ग्रामीण।

## स्वच्छता में सभी का सहयोग जरूरी, कूड़ा डस्टबीन में डालने की आदत अपनाएं: सेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर जी डवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट (सेव) ने जनता बाजार, इंदिरा बाजार, घंटा घर, क्लॉथ मार्केट और टाउन हॉल एरिया में स्वच्छता अभियान चलाया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 429वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने लोगों को समझाते कहा कि हम सभी ने स्वच्छता में सहयोग करना चाहिए। कूड़ा डस्टबीन में डालने की आदत अपनाना चाहिए। जो गर्मी के मौसम में जल सेवा राहगीरों को पानी पिलाने की चलती है, उसमें प्लास्टिक के गिलास की जगह कागज या स्टील के गिलास प्रयोग करने चाहिए। शायद हम भूल जाते हैं कि जल सेवा करते वक्त प्लास्टिक रोड पर फैलाने से हमारा पुण्य किसी भी रूप में नहीं लगता। यह तो बल्कि बहुत बड़ा पाप हो जाता है। जिसे हम नहीं समझते हैं। इसलिए हमारा आग्रह है सभी से हर आदमी स्वच्छता के प्रति सजग हों और हर प्रकार का कूड़ा डस्टबीन में डालें। तभी स्वच्छता संभव है ताकि हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहे और देश का भविष्य उज्जवल हो। प्रवीन जोनी, महेश सैनी, अजमेर सिंह चौहान, बलजीत सिंह रेढू मौजूद रहे।



जींद। स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाए सेव संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### देश ने हर क्षेत्र में विकास की ऊंचाइयों को छुआ

**पूंडरी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता बलकार सिंह गोलन ने कहा कि देश में भाजपा सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल वास्तव में स्वर्णिम युग के रूप में इतिहास के पन्नों में दर्ज किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। राम मंदिर निर्माण का ऐतिहासिक कार्य, धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक़ जैसी सामाजिक कुरीतियों का अंत, सीमाओं की अभेद सुरक्षा, किसान कल्याण की योजनाएं, और आत्मनिर्भर भारत जैसे महायज्ञ, ये सब हमारे राष्ट्र को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में मील के पत्थर हैं।

### कार्यशाला में डॉ विजय चावला ने दी प्रस्तुति

**कैथल।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी), नई दिल्ली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के अनुसार नई पाठ्यपुस्तकों के निर्माण में प्रयासरत है।

### अमेरिका द्वारा ईरान पर की बमबारी की की निंदा

**कैथल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) राज्य कमेटी हरियाणा ने अमेरिका द्वारा ईरान पर की गई बमबारी की निंदा की है। राज्य सचिव कामरेड प्रेम चंद ने प्रेस को बयान जारी करते हुए कहा कि अमेरिका द्वारा की गई यह कार्रवाई ईरानी संप्रभुता और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का गंभीर उल्लंघन है, और इससे वैश्विक तनाव बढ़ेगा, पश्चिम एशिया में अस्थिरता आएगी और गंभीर आर्थिक परिणाम होंगे। अमेरिका और इज़राइल यह दावा करके अपने हमलों को उचित ठहरा रहे हैं कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की कगार पर था।

### हवन करने से पर्यावरण शुद्ध होता है: महावीर

**गुहला चीका।** चीका शहर की अग्रणी संस्था आर्य समाज सभा व पतजंलि समिति की ओर से रविवारीय साप्ताहिक हवन यज्ञ ताऊ देवीलाल पार्क में संस्था अध्यक्ष सुरेंद्र आर्य के सानिध्य एवं आचार्य सत्यवीर शास्त्री के ब्रह्मत्व में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के तौर पर पतंजलि युवा तहसील प्रभारी महावीर प्रजापति सहित उपस्थित आर्यजनों ने यज्ञ में आहुतियां डाली।

### यातायात नियमों का पालन करें आमजन

**कैथल।** डीसी प्रीति ने सभी जिला वासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क पर कोई भी दुर्घटना नहीं हो। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित अधिकारी सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करवाने के साथ-साथ मुख्य सुविधाएं प्रदान करना भी सुनिश्चित करें। डीसी प्रीति ने कहा कि स्कूलों, कालेजों के साथ-साथ आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। वहीं समाज के अन्य लोगों को भी काफी प्रभावित करती है। हमें ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना चाहिए, ओवर स्पीड में वाहन नहीं चलाएं।

20 को रेणू धानियां सहित कई पार्षदों ने सांसद नवीन जिंदल के समक्ष उठाया था मामला

# कलायत में फकीर नौगजा पीर कॉलोनी को पहली बार मिला पक्की गलियों का तोहफा

कच्ची गलियों को कंकरीट ब्लाक्स से पक्का किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत


**कलायत।** विकास कार्यों को लेकर वार्ड वासियों से बातचीत करती पार्षद कुमारी रेणू धानियां। *फोटो: हरिभूमि*

कलायत वार्ड एक में श्री रैदास कालोनी के पास दशकों से आबाद फकीर पीर कालोनी को पहली बार नगर पालिका के माध्यम से पक्की गलियों की सौगात मिली है। बड़े बजट से कालोनी में कच्ची गलियों को कंकरीट ब्लाक्स से पक्का किया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए मौके पर सामग्री पहुंच गई है। 20 जून को कलायत लोक निर्माण विश्राम गृह में जन समस्याएं सुन रहे सांसद नवीन जिंदल के समक्ष विकास कार्यों को गति देने का मुद्दा उठाया था। इसमें कई ऐसे विकास कार्य शामिल थे जिनके लिए तमाम प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। लेकिन धरातल पर कार्य शुरू नहीं हो पा रहे थे। इस पर जिंदल ने पार्षदों से संबंधित विकास कार्यों की सूची मांगी थी। इसके बाद वार्ड एक में विकास कार्य शुरू हो गए। विकास कार्यों को लेकर पार्षद कुमारी रेणू धानियां ने कालोनी का दौरा किया। उन्होंने वार्ड के लोगों से विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। रेणू ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रक्रिया को पूरा करते हुए अवैध कालोनियों को वैध घोषित करने का क्रम शुरू किया है। इससे दशकों से बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के जीवन यापन में बड़ा सुधार आएगा। इसलिए सुविधाओं की बाट जोह रही कलायत के वार्ड नंबर एक की फकीर नौगजा पीर कॉलोनी के निवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। इसी तरह वार्ड के विभिन्न हिस्सों व शहर के अलग-अलग इलाकों में विकास कार्य गतिमान होंगे। रेणु धानियां ने कॉलोनी का दौरा कर निर्माण कार्य का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि हर वैध कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। पार्षद ने कालोनी में शुरू हो रहे विकास कार्यों के लिए सीएम नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्य मंत्री मंत्री कमलेश ढांडा, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। पार्षद से जन संवाद करते हुए कालोनी के लोगों ने कहा कि लंबे समय से वे कच्ची गलियों, जलभराव और गंदगी की समस्या से जूझते रहे हैं। अब उन्हें उम्मीद है कि हालात पूरी तरह बदलेंगे।

#### गतिशीलता एवं पारदर्शिता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश

*पालिका अभियंता राजेश प्रजापति ने बताया कि सरकार की विकास योजनाओं को गति देने के लिए ठोस योजना तय की गई है। इसके तहत वार्ड एक के साथ-साथ विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को पारदर्शिता एवं गतिशीलता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।*

#### संपूर्ण वार्ड के विकास का प्रयास

*पार्षद रेणू धानियां ने बताया कि वार्ड एक की फकीर पीर कालोनी, श्री रैदास कालोनी, सीता नगर, सजूमा रोड के दोनों तरफ आबाद क्षेत्र, रेलवे रोड, अनाज मंडी से संबंधित इलाका व अन्य हिस्सों में टूटी गलियों को पक्का करने के प्रयास हैं। इसी तरह दूसरी बुनियादी सुविधाओं को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की गई है।*

# सरकारी पदों में कटौती करने का लागया आरोप

- रेशनलाइजेशन की आड़ में सार्वजनिक विभागों को सिकोड़ रही सरकार: जरनैल सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


जरनैल सिंह

हरियाणा गवर्नमेंट पी डब्लू डी मैकिनिकल वर्कर्स यूनियन के राज्य महासचिव जरनेल सिंह व राज्य प्रेस सचिव संदीप राठी नें सयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि हरियाणा सरकार रेशनेलाइजेशन के नाम पर विभागों से बड़ी संख्या मे कर्मचारियों के पदों मे कटौती कर पद समाप्त कर रही है, जिससे भविष्य मे न तो जनता के लिए बेहतर सेवाए बचेंगी ओर न ही युवाओं के लिए रोजगार बचेगा। उन्होंने बताया कि सरकार नें विभागों के पुनर्गठन हेतू मार्च 2023 मे रिटायर्ड आईएएस राजन गुप्ता कि अध्यक्षता मे रेशनेलीजेशन आयोग का गठन किया, जिसने विभागों से अनुसंशा प्राप्त कर हाल ही मे सरकार को रिपोर्ट पेश की है जिसमे बढ़ती जन संख्या अनुसार नए पद सृजित करने की बजाए बड़ी संख्या मे पदों मे कटौती की सिफारिश की है जिस पर सरकार जल्द ही मंत्री परिषद बैठक मे मोहर लगा सकती है। रिपोर्ट अनुसार सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग भवन एवं सडके तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मे भी पदों मे कटौती की गई है। सिंचाई विभाग से फील्ड मे कार्यरत बेलदार, कैनाल गार्ड, सुपरवाइजर, अर्थ वर्क मिस्त्री, मेसन, स्टोर कीपर, प्लम्बर, टेलीफोन अटेंडेंट, चार्जमैन, फोरमैन आदि पदों को पूर्णतः समाप्त करने व मैकिनिकल स्टाफ व हेल्पर के भी पद कम करने की सिफारिश की गई है। एक ओर हर खेत को पानी व बाढ़ मुक्त हरियाणा की बातकी जाती है दूसरी ओर नहरों, राजबाहो व ड्रेन आदि का रखरखाव करने वाले कर्मचारियों के पदों को समाप्त कर कार्य आउटसोर्स कर ठेकेदारों के हवाले करने के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं।

#### हड़ताल की तैयारी

इसी तरह जन स्वास्थ्य विभाग से भी ट्यूबवेल बेस स्कीम पंचायतो को हेंड ओवर कीजा रही है केवल कैनाल बेसिस जलघर व बुस्टिंग स्टेशन के संचालन हेतू पद बच्चे है उनमे भी बेलदार, की मैन, पेट्रोल मैन आदि पदों को समाप्त किया गया है हलांकि मण्डल व उपमंडल बड़े है लेकिन तीनो विभागों मे फील्ड स्टाफ पर हमला है। हमारा संगठन रेशनेलाइजेशन आयोग व तीनो विभागों के प्रमुखो को पत्राचार व मिलकर रेशनेलेजेशन पर संगठन का पक्ष सुनने का आग्रह कर चूका है लेकिन संगठन को सुने बिना ही आस्वाशन दिया गया कि विभागों के विस्तार हेतू नए पद सृजित किए जाएंगे। यदि सरकार इसे मंत्री परिषद की बैठक मे स्वीकृत कर लागू करने पर आगे बढ़ती है तो संगठन को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा जिसमे जनता व युवाओं का भी सहयोग लिया जाएगा इस बारे विभागीय मंत्रियो से भी संगठन पत्राचार कर पक्ष सुनने का अनुरोध कर चुका है। उन्होंने कहा कि 9 जुलाई कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल मे भी सभी कर्मचारियों कि भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# साईं दर्शन के लिए जत्था रवाना

- साईं दर्शन यात्रा के अंतर्गत कैथल से शिरडी के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


**कैथल।** शिरडी के लिए रवाना होता श्रद्धालुओं का जत्था। *फोटो: हरिभूमि*

साईं बाबा के प्रति श्रद्धा, सेवा और समर्पण को समर्पित /"साईं दर्शन यात्रा/" के अंतर्गत आज कैथल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिरडी धाम के लिए रवाना हुए। यह यात्रा श्री साई रसोई सेवा समिति, कैथल द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें लगभग 60 से अधिक श्रद्धालु भक्त शामिल हैं। यात्रा का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे पूजा-अर्चना और मंगल आशीर्वाद के साथ किया गया, जिसके पश्चात संगत ने प्रातः 9:30 बजे साईं बाबा के पावन दरबार की ओर प्रस्थान किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों, साईं भक्तों व स्थानीय जनों ने संगत को पुष्पवर्षा एवं जयकारों के साथ विदा किया।

**यात्रा मार्ग:** कैथल से दिल्ली तक सीएबी द्वारा, तत्पश्चात दिल्ली से मनमाड तक ट्रेन द्वारा और फिर मनमाड से शिरडी तक बस द्वारा संगत को पहुँचाया जाएगा। शिरडी में संगत 23 जून को दोपहर 12:00 बजे तक पहुंचेगी और 24, 25, 26 व 27 जून को साईं भजन संध्या व पालकी सहित अनेक आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भाग लेगी। समिति की प्रधान श्रीमती प्रिया ठकराल ने बताया कि यह यात्रा साईं बाबा की कृपा से आयोजित की गई है और पूरे आयोजन को श्रद्धा, अनुशासन और सेवा की भावना से किया जा रहा है।

# 10 गांवों में पुलिस ने चलाया सर्च आपरेशन

- 10 पुलिस टीमों में शामिल करीब 100 पुलिस कर्मचारियों अधिकारियों ने की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


**कैथल।** नशा को रोकने को लेकर घरों की जांच करती पुलिस टीम। *फोटो: हरिभूमि*

एसपी आस्था मोदी के निर्देसानुसार डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार नशा जागरुकता टीमें घर घर जाकर लोगो से संपर्क स्थापित कर रही है। इस दौरान उक्त टीमों ने संदिगध नशा तस्करों की लिस्ट तैयार की गई है। पिछले दिनो से उक्त टीमें सीवन थाने के अंतर्गत के गावों में आमजन से मिल रही है। जो उक्त टीमों द्वारा आमजन से संपर्क स्थापित करके तैयार की गई संदिग्ध नशा तस्करों की लिस्ट अनुसार थाना सीवन के गांव सीवन, पोलड़, ककहेड़ी, भुना, फर्श माजरा, नगल, पहाड़पुर, कांगथली, माँजला में मारे गए छापे। में रविवार को सुबह सर्च अभियान चलाया गया। एसएचओ सीवन इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई मे थाना सीवन, चीका, गुहला, सदर, एंटी नारकोटिक सेल से 10 पुलिस टीमों में शामिल करीब 100 पुलिस कर्मचारियों द्वारा स्नाइपर डॉग व कमांडो दस्ते के साथ उक्त गांव में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जिसके तहत पूरे क्षेत्र में आमजन के मन में सुरक्षा के भावों को पुख्ता किया गया व करीब 100 संदिग्ध घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो।

#### सुरक्षा को लेकर अलर्ट

एसपी आस्था मोदी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें।

# भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की गंगा में लगाई डुबकी

- श्री भवानी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका


**गुहला-चीका।** दीप प्रज्वलन कर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ करते डॉ. सुभाष पुनिया। *फोटो: हरिभूमि*

श्री भवानी मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस का शुभारंभ डॉ. सुभाष पुनिया ने अपने परिवार सहित पहुंचकर विधिवत दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान धर्मपाल शर्मा ने भी परिवार सहित आरती में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। कथा वाचिका परम पूज्य देवी रश्मि मिश्रा जी (वृंदावन) ने अपने दिव्य प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की महत्ता से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को जाग्रत करना है तो श्रीमद्भागवत की शरण में जाना ही एकमात्र उपाय है। उनके अनुसार, श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से जीवों के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। रश्मि मिश्रा जी ने कथा के दौरान भक्ति देवी की कथा सुनाई, जिसमें उन्होंने नारद जी से अपने पुत्र ज्ञान और वैराग्य की युवा अवस्था में वापसी के लिए उपाय पूछा। नारद जी ने कई प्रयास किए, लेकिन समाधान केवल श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से ही संभव हुआ। कथा श्रवण से ज्ञान और वैराग्य ने पुनः तरुण अवस्था प्राप्त की।

#### ये रहे मौजूद

इस धार्मिक अवसर पर अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से राजीव शर्मा, बलबीर सैनी, कुलदीप माजरा, रविन्द्र पाली, भूषण शर्मा, मोती राम गर्ग, वैद्य सत्यनारायण, हरपाल शर्मा, गुरदीप ढांडा, विक्की जांगड़ा, पुनीत शर्मा, महावीर वर्मा, सुरेश शास्त्री, शास्त्री सोमदत्त, संजीव कौशिक क्योड़क, सुभाष शर्मा, गुरबख्श सीडा, दीपक मिगलानी, राजपाल राविश, अजय शर्मा, अमरनाथ, गुरमीत सिडा आदि श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

# पुण्य स्मृति दिवस पर किया नमन

- प्रशासिक मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का पुण्य स्मृति दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद


**राजौंद।** मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए।

राजौंद के ब्रह्माकुमारी आश्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिक मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी के पुण्य स्मृति दिवस पर विशेष आध्यात्मिक ज्ञान योग युक्त कार्यक्रम आयोजित कर मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का 60 वां स्मृति दिवस बड़ी श्रद्धा और भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में असंध सेवाकेंद्र से पहुंची ब्रह्माकुमारी सरिता बहन ने मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी के जीवन बारे बताया कि उनके बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और प्रतिभावान थीं। आपके दिव्य गुणों, श्रेष्ठ आचरण एवं मातृत्व स्नेह के कारण सभी उन्हें प्यार से मां कहते थे। उन्होंने बताया कि ओम राधे ने मात्र 17 वर्ष की आयु में ही अपना सम्पूर्ण जीवन ईश्वरीय मार्ग में समर्पित कर दिया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने बताया कि मम्मा का जीवन हम ब्रह्मा वत्सों के लिए प्रेरणादायी,पथप्रदर्शक और ईश्वरीय मार्ग पर मम्मा का जीवन हम ब्रह्मा वत्सों के लिए प्रेरणादायी, पथप्रदर्शक और ईश्वरीय मार्ग पर चलने के लिए एक मिसाल है।

# युवाओं को खेलों से जोड़ने का प्रयास

- दादरी में एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के जिला चेयरमैन राजू ढुल का भव्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी


**पूंडरी।** राजू ढुल को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते प्रदेश चेयरमैन कुलदीप दलाल व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

दादरी स्थित एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के प्रदेश कार्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश चेयरमैन कुलदीप दलाल और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी स्टार राजेश नरवाल ने जिला चेयरमैन राजू ढुल को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला सेक्रेटरी मनोज दलाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुलदीप दलाल ने कहा कि राजू ढुल द्वारा कैथल जिले में कबड्डी को नई दिशा देने और युवाओं को खेलों से जोडने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह प्रशंसनीय है। राजेश नरवाल ने भी राजू ढुल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिला कबड्डी को एक नई पहचान मिल रही है। राजू ढुल ने सम्मान मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि पूरे जिले के खिलाड़ियों और कबड्डी प्रेमियों का है।

कई लोगों को बंदरों ने काटकर किया घायल, हर रोज बढ़ रहा खौफ

# कस्बे में बंदरों का आतंक, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद



**राजौंद।** मार्केट में बंदरों का झुंड व पानी की छतों पर रखी पानी की टंकी पर लोगों ने लगाए जल। *फोटो: हरिभूमि*

नगर में घूम रहे बंदरों ने इन दिनों गली व कॉलोनी सरकारी स्थलों में पूरा आतंक मचाया हुआ है। बंदरों से कई लोग घायल भी हो चुके हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस और कोई कदम नहीं उठा रहा। हालांकि कुछ माह पहले बंदरों को पकडने के लिए टीम जरूर आई थी। लेकिन वह भी पूरे बंदर नहीं पकड़ पाई।जिससे बंदर पकडने का कार्य बीच में ही छोड़कर चले गए। वहीं बंदर अब लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। कई महिलाओं ने बताया कि वह छतो पर कपड़े सूखाती हैं तो कपड़े फाड़ जाते हैं।अगर महिला या बच्चे घर में अकेले हो तो यह बंदर घर में घुसकर नुकसान पहुंचाते हैं। इतना ही नहीं बंदरों ने छतों पर रखी पानी की टंकियां के ढक्कन भी तोड़ दिए हैं। इससे उन्हें गर्मी के इस मौसम में पानी की भी समस्या हो जाती है। बंदरों का पूरा झुंड बनकर घूमता हैं।अगर इन्हें कोई रोकना चाहे, तो यह बंदर उन पर हमला भी बोल देते हैं। सबसे ज्यादा समस्या नगर के वार्ड नंबर 8 व 7 दुर्गा मंदिर के आसपास के लोगों को झेलनी पड़ रही है जहां दिन.रात भारी संख्या में बंदरों का एक झुंड लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। इस बारे नागरिक श्याम राणा, कुलदीप, रमेश, राजेश, प्रकाश, देवेंद्र, रामकुमार ने बताया कि स्थिति इतनी खराब है कि वानरों की चहल कदमी के चलते ना दिन का चैन और ना रात का आराम है।

## खबर संक्षेप


तालाब में गंधयुक्त पानी का दृश्य।

### राजौंद के तालाब में भरी गंदगी से लोग परेशान

**राजौंद।** राजौंद के जींद रोड पर वार्ड नंबर 6 में तालाब में भरी गंदगी से लोगों का जीना दुश्वार होकर रह गया है। आलम यह है कि यहां से गुजरते समय मुंह पर कपड़ा ढांप कर निकलना पड़ता है। इतना ही नहीं इसी तालाब के सामने छोटे छोटे बच्चों का प्राथमिक सरकारी स्कूल भी है जहां प्रतिदिन सैकड़ो बच्चियां शिक्षा ग्रहण करने आती हैं। इस बारे लोगों ने कई बार संबंधित विभाग को भी गुहार लगाई कि यहां से पानी निकाल कर स्वच्छ पानी भरा जाए। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा। इससे स्कूली बच्चों के साथ साथ आम जन भी परेशान हो रहे हैं।

### अमानत में खयानत का एक मामला दर्ज

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने अमानत में ख्यानत का एक मामला दर्ज किया है। गांव ढूंढवा के दयानंद ने कलायत पुलिस शिकायत में बताया कि उसने एक टाटा ट्रक खरीदा था। इस पर उसने करीब 1 साल पहले गांव प्योदा के गोविंद को चालक के रूप में रखा था। दो माह से जब उसने गाड़ी का हिसाब मांगा तो आरोपी गोविंदा ने गाड़ी का कोई हिसाब नहीं दिया। जब उसने फोन उठाने बंद कर दिए तो वह उसने जब गांव में जाकर देखा तो पता चला कि गोविंद अपने परिवार के साथ वहां से कहीं ओर चला गया है।

### दिल्ली के लिए निकली महिला, बच्चों सहित लापता

**कैथल।** कस्बा कलायत से एक विवाहिता अपने दो बच्चों के साथ दिल्ली जाने की बात कह कर लापता हो गई। इस संबंध में कलायत के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जून को उसकी पत्नी उसके दो बच्चों के साथ घर से यह कह कर गई थी कि वह दिल्ली में अपने घर जा रही है लेकिन वह अपने घर नहीं पहुंची। उसने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर वीना ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली बिलों में लूट इनेलो करेगी प्रदर्शन

**पूंडरी ।** इनेलो जिला प्रधान महासचिव तेजवीर गुर्जर ढांड ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने बिजली दरों में भारी वृद्धि कर न केवल आर्थिक अपराध है, बल्कि सामाजिक अन्याय भी है। यह दिखाता है कि सरकार को न किसानों की चिंता है, न मजदूर की, न व्यापारी की और न ही गृहिणियों की। आम परिवार पहले ही गैस, पेट्रोल, खाद्य वस्तुओं की महंगाई से परेशान हैं, अब बिजली बिलों के बोझ तले पूरी तरह दब चुके हैं। सरकार ने बिना किसी ठोस कारण, बिना जनसुनवाई और बिना तैयारी के लागू किया है।

### पद्म पुरुस्कारों के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरुस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र व्यक्ति आगामी 31 जुलाई, 2025 तक नामांकन भर सकते हैं। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड. जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति अधिकतम 800 शब्द का एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो, प्रस्तुत करें। पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं।

उचाना नागरिक अस्पताल के अधीन आते हैं 47 गांव

# उचाना अस्पताल फस्ट रेफरल यूनिट बना गर्भवतियों को मिलेगी सिजेरियन सुविधा

- ऑप्रेशन थियेटर में गर्भवती महिलाओं के लिए हर समय सिजेरियन की सुविधा होगी उपलब्ध
- फस्ट रेफरल यूनिट के तहत माइनर ऑप्रेशन शियेटर की मिलेगी सुविधा

*जिले से अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ एवं एनेस्थिसिया विशेषज्ञों की टीम के साथ अनुबंध किया गया है। डा. सुशील गर्ग ने बताया कि ऑप्रेशन थियेटर में सभी तरह की उच्च स्तरीय तकनीक एवं ऑपरेटिव मैनेजमैन्ट की सुविधा उपलब्ध करवाई गई हैं यह सुविधा मरीजों के लिए मुफ्त होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा पंचकूला के आदेशानुसार नागरिक अस्पताल उचाना को फस्ट रेफरल यूनिट घोषित किया गया। शनिवार को जानकारी देते हुए एसएमओ डा. सुशील गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल सर्जन जींद डा. सुमन कोहली के मार्गदर्शन में नागरिक अस्पताल उचाना में फस्ट रेफरल यूनिट के तहत माइनर ऑप्रेशन शियेटर एवं रक्त संग्रहण केंद्र (ब्लड स्टोरेज केंद्र) बनाया गया।

### गर्भवतियों के लिए 24*7 ऑप्रेशन की सुविधा

ऑप्रेशन थियेटर में गर्भवती महिलाओं के लिए हर समय सिजेरियन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। जिले से अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ एवं एनस्थीसियोलोजिस्ट की टीम के साथ अनुबंध किया गया है। डा. सुशील गर्ग ने बताया कि ऑप्रेशन थियेटर में सभी तरह की उच्च स्तरीय तकनीक एवं ऑपरेटिव मैनेजमैन्ट की सुविधा उपलब्ध करवाई गई हैं यह सुविधा मरीजों के लिए मुफ्त होगी। उचाना क्षेत्र में सिजेरियन की सुविधा सरकार के प्रयत्नों से पहली बार उपलब्ध करवाई जा रही है। इस सुविधा के लिए गर्भवती महिला को जिलास्तर या अन्य संस्था में जाने की जरूरत नही होगी। इसके अतिरिक्त ब्लड स्टोरेज केंद्र का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

### लाइसेंस रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी की शुरू

लाइसेंस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सरकार से लाईसेंस मिलते ही रक्त वितरण संबंधी सेवाएं जरूरतमं, गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध करवाई जाएगी। अस्पताल में शीघ्र ही महिला नसबंदी, पुरूष नसबंदी के ऑपरेशन शुरू कर दिए जाएगी। सिजेरियन व ब्लड वितरण हर समय उपलब्ध होगी। आमजन से इन सेवाओं का लाभ उठाए।



जींद। नागरिक अस्पताल में बना ऑप्रेशन शियेटर।

### 1972 में शुरू किया हुआ था उचाना अस्पताल

*उचाना में यह अस्पताल 1972 में शुरू किया गया था। इसके बाद फरवरी 2022 से यह 50 बैड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बदला गया। उचाना नागरिक अस्पताल के अधीन 47 गांव व दुर्जनपुर, छातर, करसिंधु, उचाना खुर्द पीएचसी आते हैं। अब ऑपरेशन थिएटर की सौगात उचाना नागरिक अस्पताल में मिलने के बाद लोगों को इसका फायदा होगा।*

### ऑप्रेशन सुविधा मिलने से जींद नहीं आना पड़ेगा

उचाना के नागरिक अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर की लंबे अर्से से मांग की जा रही थी। आप्रेशन सुविधा शुरू होने से उचाना के आसपास लगते 47 गांवों के लोगों को ऑप्रेशन के लिए जींद के नागरिक अस्पताल में नहीं जाना पड़ेगा। इससे पहले नागरिक अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर की सुविधा नही थी। लंबे समय से मरीजों द्वारा इसकी मांग भी की जा रही थी। सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार नागरिक अस्पताल को फस्ट रेफरल यूनिट बनाने का सुझाव मिला था। इसके लिए अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर बनाया गया। वहीं स्टाफ की जो कमी है। इसको लेकर उच्चाधिकारियों को लिखा गया है।


जींद। जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए।

## प्रधानमंत्री जन औषधालय केंद्र का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद में रविवार को सफीदो रोड शिव कॉलोनी उत्सव होटल के पास प्रधानमंत्री जन औषधालय केंद्र का उद्घाटन उचाना के विधायक देवेंद्र चतुरभूज अत्री की धर्मपत्नी सुषमा अत्री ने किया। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र के माध्यम से आसपास इलाके के लोगों को अच्छी गुणवता की दवाइयां सस्ते रेटों पर मिलेगी। लोगों इसका लाभ पहुंचेगा। पीएम नरेंद्र मोदी की सोच है कि हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। मामला जब स्वास्थय से जुड़ा हो तो और महत्वपूर्ण हो जाता है। जनऔषधि केंद्र के सचालक नवदीप खोखर ने बताया इस जन औषधि केंद्र पर कई तरह की दवाएं उपलब्ध होगी। जो बाजार दर से काफी सस्ती होंगी। विभागीय नियमानुसार दवाएं दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र मरीजों व उनके परिजनों के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने का अच्छा जरिया है।

### राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बेलरखां के आर्यन ने रचा इतिहास, आईआईटी जम्मू में मिला दाखिला

**नरवाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा ने शैक्षणिक उपलब्धियों में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के मेधावी छात्र आर्यन पुत्र सुल्तान सिंह ने आईआईटी एडवांस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए आईआईटी जम्मू में इलेक्ट्रिकल ब्रांच में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग में दाखिला प्राप्त किया है। गौरतलब है कि जब से बेलरखा गांव में मॉडल संस्कृति विद्यालय की स्थापना हुई हैए यह पहली बार है जब किसी छात्र ने आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आर्यन गांव सुरजाखेड़ा से आकर बेलरखा विद्यालय में पढ़ता रहा है। उसने बिना किसी कोचिंग केए केवल नियमित कक्षा अध्ययन के आधार पर यह अद्भुत सफलता अर्जित की है। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि आर्यन ने इस वर्ष 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की है और आईआईटी एडवांस में 2130वीं रैंक हासिल कर विद्यालय के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए यह सफलता एक प्रेरणास्रोत बन गई है और यह सिद्ध करती है कि लगनए परिश्रम और सही मार्गदर्शन से किसी भी मुकाम तक पहुंच सकता है।



### महिला कॉलेज नरवाना के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया


**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के प्रांगण में शनिवार को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या रेखा कोहली ने की तथा इस कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर मधु शर्मा ने किया। योग आसनों व प्राणायाम अभ्यास के द्वारा सभी सदस्यों ने योग दिवस को मनाया। योग शिक्षिका मनीषा ने अपने निर्देशन में इन आसनों को करवाया व जीवन में योग की महता को बखूबी स्पष्ट किया।श्रोग भगाए रोग॰ की पंक्ति को सार्थक करने हेतु महाविद्यालय के टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य व छात्राओं ने इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लिया। विगत 10 वर्षों से मनाया जाने वाला यह दिवस किस प्रकार प्रकृति व मानव से सामंजस्य बनाए हुए है इसको महाविद्यालय परिवार के साथ सार्थक होते देखा। महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्या ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भौतिक वातावरण में योग आसन ही एक सशक्त माध्यम है जिसमें हम अपनी दिनचर्या एवं भावी जीवन को गतिशील बनाए रख सकते हैं।

# सदियों बाद कलायत में फकीर बाबा नौगाजा पीर धार्मिक स्थल पर मुर्गा चढ़ाने पर लगी रोक

- महंत मुनि महाराज ने पांखड के खिलाफ लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

सदियों बाद कलायत के वार्ड एक स्थित प्राचीन फकीर बाबा नौगजा पीर धार्मिक स्थल पर मुर्गा चढ़ावे पर रोक लगाने की पहल हुई है। धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार पर मुर्गा चढ़ाना सख्त मना है का संदेश देने के लिए पोस्टर भी चस्पा किए गए हैं। इसके साथ ही इस स्थल पर शराब व अन्य नशीले पदार्थ लेकर आने की भी मनाही रहेगी। यह बड़ा फैसला धार्मिक स्थल के मुख्य महंत मुनि महाराज ने लिया है। उनका कहना है कि गहनता से अध्ययन करने पर जो जानकारी मिली है उसके अनुसार बाबा नौगजा पीर न तो मुर्गा खाते थे और न इसे पालते थे। अंधविश्वास का अंधेरा फैलाने के लिए कहीं न कहीं पांखडियों ने पूजा स्थल पर मुर्गा चढ़ाने की प्रथा को शुरू किया। जीव हत्या और नशा को बढ़ावा देना पूरी तरह गलत है। इसलिए सदियों पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए प्रसिद्ध फकीर नौगजा पीर धार्मिक स्थल पर मुर्गा चढ़ावे पर रोक लगा दी गई है। यह न केवल जीव हत्या के खिलाफ एक बड़ा कदम है बल्कि पाखंड से मुक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महंत मुनि महाराज ने कहा कि फकीर बाबा नौगजा पीर धार्मिक स्थल को सर्व धर्म एकता का प्रतीक माना जाता है। कोई भी मजहब न तो आपस में वैर रखना सिखाता और न ही बुराई के प्रति प्रेरित करता है। उन्होंने श्रद्धालुओं और समाज के लोगों से अपील की कि वे सच्ची आस्था के साथ धर्मस्थल पर आएं। धर्म स्थल व समाज में हिंसा और पाखंड का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। वर्षों से इस दरगाह पर लोग अपनी मन्नतें पूरी होने के बाद मुर्गा चढ़ाते आए हैं। अब इस परंपरा को समाप्त कर दिया गया है। मुनि महाराज ने समाज में फैले नशे के खिलाफ भी अलख जगाने का संकल्प लिया है।


कलायत में फकीर बाबा नौगजा पीर धार्मिक स्थल पर मौजूद महंत मुनि महाराज

### हरियाणा में अपनी तरह अनूठा स्थल

फकीर बाबा नौगजा पीर के प्रति देश-प्रदेश के कोने-कोने में रहने वाले लोगों की गहरी आस्था है। हरियाणा प्रदेश में यह अपनी तरह की अनूठा धार्मिक स्थल है। यहां दरगाह की लंबाई नौ गज है। इसलिए इस स्थल को नौगजा पीर के रूप में जाना जाता है। दरगाह पर नीली चादर चढ़ाने की भी रिवायत है। कहते हैं किसी समय में बाबा नौगजा पर इस स्थान पर जन कल्याण के लिए तप करते थे। बाद उन्होंने इस स्थान पर समाधि ले ली थी। जागृति का संदेश देने के लिए धार्मिक स्थल पर रोशनी का वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। जबकि बृहस्पतिवार को सप्ताह में मुख्य रूप से पूजा-अर्चना का क्रम चलता है। धार्मिक स्थल पर तिलहन की रेवड़ी, बतासे, मिष्ठान व तरह-तरह के व्यंजन चढ़ाए जाते हैं। लेकिन बड़ी संख्या ऐसी भी रही है जो मुर्गा का चढ़ावा धार्मिक स्थल पर करते आए हैं।

## योग दिवस के उपलक्ष्य में चलाया पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

प्राचार्य डॉक्टर मीनू सिंह ने योग युक्त रोग मुक्त जीवन शैली के लिए आह्वान करते हुए कहा कि संधि काल में योग एवं अन्य शारीरिक गतिविधियां करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक संदीप योगी ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को योग विभिन्न योग कर्मशु कौशलम्‌ के अनुसार निरू स्वार्थ भाव से समाज एवं सेवा करना योग है। शारीरिकए मानसिकए बौद्धिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए अष्टांग योग के अनुसार यमए नियम एआसनए प्राणायामए प्रत्याहार एधारणा एध्यान और समाधि में दिव्य ज्ञान. विज्ञान प्राप्त होता है। पहला सुख निरोग काया माना गया है। इसलिए शरीर को स्वस्थ निरोग रखने में आसान और प्राणायाम का अहम योगदान है। योगी द्वारा योग संबंधित अनुलोम विलोमए भ्रामरीए शीतलीएउज्यीयए कपालभातिए भरस्तरीकाए कुंभकए रेचकए स्तम्भवर्तीए बाह्य. अभ्यंतर इत्यादि प्राणायाम और ताड़ासनए वृक्षासनए चक्रासनए अर्ध चक्रासनए हलासनए उत्तानपादासनए भुजंगासनए शलभासनए वज्रासनए मकरासनए मयूरासन इत्यादि अनेकों गतिविधियों के बारे में परिजन देते हुए अनेकों गतिविधियों का अभ्यास भी करवाया गया। इस अवसर पर जयपाल सिंह आर्य ने बताया कि योग ऋषि मुनियों द्वारा आदिकाल से ही सरल और सुखमय जीवन जीने की एक सुंदर प्राकृतिक दैनिक उपयोगी गतिविधि विधान बनाया हुआ है। करो योग और रहो निरोग के सिद्धांत अनुसार स्थिर आसन में बैठकर प्रतिदिन प्रत्येक मनुष्य को 3 मिनट से 21 मिनट तक रेचक प्राणायाम करना चाहिए। प्रत्येक मुमुक्षु को आधा घंटा से 2 घंटे तक संध्या उपासना में योग क्रियाओं के साथ प्राणायाम का अभ्यास करना भी अनिवार्य है।योग कार्यक्रम में डॉ सुरेंद्र कुमार, सज्जन, सुरेंद्र डीपी, सुदर्शन, अनुपम इत्यादि का योगदान रहा है। जयपाल सिंह आर्य के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम भी चलाया गया। इसमें प्राकृतिक अवशेष से खाद बनाने के लिए पत्तों को एकत्रित किया गया।


जींद। योग करते हुए साधक।

## यूजी कोर्स दाखिला आवेदन में हुई त्रुटियों को दूर करने का समय पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष के दाखिले के लिए पहली प्रोविजनल लिस्ट 25 जून को जारी की जाएगी। रविवार को फार्म में त्रुटियों को दूर करने का अंतिम दिन रहा। छात्रों द्वारा भरे गए फार्मों में आपत्ति दर्ज करवाई जा रही हैं। इनमें नाम की स्पैलिंग, पिता का नाम सहित दस्तावेज और फार्म में भरी त्रुटि को ठीक करवाया गया। फार्म भरने के दौरान आई त्रुटियों को ठीक कराने के बाद 26 जून को अंतिम मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। तीन जुलाई को लगेगी दूसरी मेरिट लिस्ट पहली मेरिट लिस्ट के बाद सीट खाली रहने पर तीन जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वे चार जुलाई से लेकर सात जुलाई तक फ ीस भर सकेंगे। दो मेरिट लिस्ट के बाद भी अगर महाविद्यालयों में रिक्त सीटें रह जाती हैं तो नौ जुलाई को फि जिकल काउंसलिंग शुरू होगी। 11 जुलाई से लेकर 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फ ीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। फि र 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फ ीस और 100 रुपये हर रोज लेट फीस भरकर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे।

### 27 से 30 जून तक जमा करवानी होगी फीस

अगर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया गया तो पहली मेरिट लिस्ट 26 जून को जारी होगी। 25 जून को प्रोविजनल मेरिट सूची जारी होगी। जिले के 17 राजकीय और निजी कॉलेजों के अलावा सीआरएसयू में यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 11 हजार सीट हैं। कॉलेजों में दाखिला कमेटी द्वारा विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच 22 जून तक की गई और त्रुटियों को ठीक किया गया। अब 26 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 27 जून से लेकर 30 जून तक दाखिले के लिए फीस जमा करवा सकते हैं।

### पुरानी अनाज मंडी लोहा मंडी में मेन हाल ढक्कन टूटने से बड़ा हादसा होने का भय



**नरवाना।** नरवाना पुरानी अनाज मंडी लोहा मंडी में वेलफेयर मंच द्वारा संचालित लड़कियों के लिए निशुल्क लाइब्रेरी के सामने टूटा हुआ सीवरेज का ढक्कन दे रहा है हादसों को न्यौता। यह ढक्कन बारिश से पहले टूटा हुआ है और काफी दिनों पहले इसकी सूचना संबंधित विभाग को दे दी गई थी लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

बरसात में इसके अंदर कई वाहन फंसे हुए थे जिसकी सूचना विभाग को दे दी गई थी लेकिन बरसात के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई आगे फिर बरसात का मौसम आ रहा है यहां लाइब्रेरी में लड़कियां पैदल स्कूटी साइकिल पर आती है और बरसात में सीवरेज का टूटा ढक्कन दिखाई ना देने से कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है इसलिए संबंधित विभाग से विनती है कि इस पर जल्दी कार्रवाई की जाए ताकि बरसात के मौसम में फिर से कोई बड़ा हादसा ना हो।

सरकारी कार्यक्रमों में हो रहा रोडवेज बसों का प्रयोग

# खुले में रात गुजारने को मजबूर चालक- परिचालक

- प्रदेश की जनता को बस सुविधा से होना पड़ रहा वंचित

हरिभूमि न्यज ▶▶| जींद

रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनूप लाठर ने कहा कि पिछले लगभग दो वर्षों से हरियाणा सरकार द्वारा अलग-अलग तरह के कार्यक्रमों, सम्मेलनों और जयंती समारोह में भाग लेने वाले लोगों को लाने व ले जाने के लिए हरियाणा रोडवेज की बसों का प्रयोग किया जा रहा है। इस कारण प्रदेश की जनता को बस सुविधा से वंचित होना पड़ता है और उनको अपने गंतव्य तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह, महासचिव जयबीर घनघस और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनूप लाठर, डिपो प्रधान राममेहर रेढू ने हरियाणा सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में जब भी रोडवेज बसों की ड्यूटी लगाई जाती है तो बसों पर कार्यरत चालक और परिचालकों के ठहरने तथा खाने पीने की उचित व्यवस्था अवश्य करवाई जाए। क्योंकि बसों पर कार्यरत परिचालकों के पास ई टिकटिंग मशीन होती है। इसके अतिरिक्त उनके थैले में टिकट बॉक्स होता है तो रात को खुले में सोने से उनके चोरी होने की संभावनाएं होती हैं। ऐसी घटनाएं पूर्व में भी कई बार ड्यूटी के दौरान परिचालकों के साथ घट चुकी हैं।


जींद। रात को बस में ही आराम फरमाते चालक और परिचालक।

### विशेष कार्यक्रमों के लिए शाम को कर देते हैं रवाना

*रोडवेज की बसों को गरीब का रथ कहा जाता है। ऐसे कार्यक्रमों में उसी गरीब जनता को परिवहन सुविधा से वंचित होना पड़ता है। बसों में आमजन, छात्र, छात्राएं, महिलाएं और वृद्धजनों को सफर करना होता है और जब उनको बस स्टैंड पर आकर पता चलता है कि उनकी मार्गों की बसें नहीं जाएंगी तो उन्हें निजी साधनों का सहारा लेना पड़ता है जो कभी बीच रास्ते में उतार देते हैं तो कभी उनसे मनमाना किराया वसूल किया जाता है। इसके अतिरिक्त हरियाणा रोडवेज की जो बसें इन कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कार्यक्रम से पूर्व की संध्या को ही उनके निर्धारित स्थान पर भेजी जाती हैं। जहां चालकों व परिचालकों के ठहरने और खाने पीने की कोई भी व्यवस्था नहीं होती।*